# उत्तराखंड आवास विभाग को मिला स्कॉच अवार्ड

## दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आवास ने प्राप्त किया पुरस्कार

देहरादून। उत्तराखंड आवास विभाग को स्कॉच अवार्ड मिला है। शनिवार को दिल्ली के हैबिटेट सेंटर में आयोजित इंटरसेक्शन ऑफ डेमोक्रेसी-फेडरेलिज्म, फाइनेंस एवं विकास समारोह में आवास विभाग को दो पहलों के लिए अलग-अलग प्लेटिनम श्रेणी में पुरस्कार मिला।

प्रमुख सचिव आवास डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम और संयुक्त मुख्य प्रशासक उडा डीपी सिंह ने समारोह में यह पुरस्कार प्राप्त किए। दोनों पुरस्कारों में उत्तराखंड आवास एवं नगर विकस प्राधिकरण को एकीकृत ऑनलाइन एप्लीकेशन ईज एप के राज्य में सफल संचालन व क्रियान्वयन के लिए प्लेटिनम श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। उत्तराखंड आवास एवं विकास परिषद को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में निजी भूमिधारकों के सहयोग से निर्माण की जा रही किफायती आवास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्लेटिनम पुरस्कार प्रदान किया गया। ईज एप को पूर्व में प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग भारत सरकार ने बेस्ट सर्विस-बेस्ट प्रैक्टिस श्रेणी में नामित व सूचीबद्ध भी किया था।

ईज एप के तहत ऑनलाइन भवन मानचित्र स्वीकृति, ऑनलाइन फाइल मैनेजमेंट, ऑनलाइन कोर्ट केस मैनेजमेंट व सुनवाई, ऑनलाइन आरटीआई, शिकायतों का निस्तारण जैसे कुल 12 मॉड्यूल विकसित कर मुख्यमंत्री के फेसलेस, पेपरलेस, कैशलेस मंत्र को अपनाकर आमजन के लिए प्राधिकरण की सेवाएं तेज व पारदर्शी बनाई गईं। जबकि पीएम आवास योजना के तहत निजी विकासकर्ताओं के सहयोग से 12,856 ईडब्ल्यूएस आवासों का निर्माण किया जा रहा है। ब्यूरो



दिल्ली में स्कॉच अवार्ड लेते प्रमुख सचिव आवास मीनाक्षी सुंदरम, संयुक्त मुख्य प्रशासक डीपी सिंह। स्रोत : विभाग

# सैनिक कल्याण

देहरादून। उत्तराखंड सैनिक कल्याण वि
को भर्ती पूर्व प्रशिक्षण की सफलता के
स्कॉच अवार्ड 2025 दिया गया है। नई दि
में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री
आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष
एस.महेंद्र देव ने विभाग के निदेशक ब्रिगेडि
अमृत लाल को यह सम्मान प्रदान किया।

भर्ती पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य

शोध के आधार पर तैयार की जाती है। सूक्ष्म जाव विज्ञान) बड़ा केंद्र बनाने की है। शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस

# सैनिक कल्याण विभाग को गोल्डन स्कॉच अवॉर्ड

**देहरादून, मुख्य संवाददाता।** पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण की योजनाओं के लिए उत्तराखंड के सैनिक कल्याण विभाग को लगातार दूसरी बार प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। इस वर्ष सैनिक कल्याण विभाग को गोल्डन श्रेणी का पुरस्कार मिला है।

शनिवार को दिल्ली में इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सैनिक कल्याण निदेशक बिग्रेडियर अमृत लाल ग्वाडी (सेनि) ने पुरस्कार को ग्रहण किया। प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष प्रो. एस. महेंद्र देव तथा समीर कोचर ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

निदेशक ग्वाडी ने बताया कि भर्ती पूर्व प्रशिक्षण योजना के जरिए युवाओं को सेना, अर्द्धसैनिक बलों और अन्य सुरक्षा सेवाओं की भर्ती परीक्षाओं के लिए संपूर्ण रूप से तैयार किया जाता है। इस दौरान निदेशालय के एकाउंट अफसर हेमचंद्र चौबे भी मौजूद रहे। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी जी ने इस उपलब्धि पर विभाग को बधाई दी। कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रयासरत है।



आवास विभाग को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में स्कॉच अवॉर्ड दिया गया। प्रमुख सचिव आवास डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम और अपर आयुक्त डीपी सिंह ने पुरस्कार प्राप्त किया।

## आवास विकास विभाग को भी मिला अवॉर्ड

उत्तराखंड के आवास विभाग ने प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड 2025 की प्लेटिनम श्रेणी में दोहरी उपलब्धि हासिल की है। प्रमुख सचिव आवास डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम और संयुक्त मुख्य प्रशासक उडा व अपर आयुक्त उत्तराखंड आवास एवं विकास परिषद डीपी सिंह ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। पहला पुरस्कार आवास विभाग के तहत उत्तराखंड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण के एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ईज-एप एप्लीकेशन के सफल संचालन लिए दिया गया है। वहीं दूसरा पुरस्कार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निजी डेवलपर्स की सहभागिता से प्रभावी किफायती आवास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए दिया गया है।

# स्काच अवार्ड में छाया उत्तराखंड कई विभागों को मिला सम्मान

राज्य ब्यूरो, जागरण • ददेहरादून: आवास विभाग को दो महत्वपूर्ण पहलों के लिए नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में प्रतिष्ठित स्काच पुरस्कार दिया गया। अलग-अलग उपलब्धियों के लिए प्लेटिनम स्काच अवार्ड दिया गया। मुख्य सचिव, आवास डा. आर. मीनाक्षी सुंदरम व संयुक्त मुख्य प्रशासक दिनेश प्रताप सिंह ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

उत्तराखंड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण को ईज एप आनलाइन एप्लिकेशन के सफल संचालन और क्रियान्वयन के लिए पहला पुरस्कार प्लेटिनम अवार्ड मिला। यह एप्लिकेशन राज्य में डिजिटल गवर्नेंस का बड़ा कदम साबित हुआ है। इसके जरिए भवनों के नक्शों की स्वीकृति, आनलाइन फाइल मैनेजमेंट, कोर्ट केस मैनेजमेंट व शिकायत निवारण समेत 12 माड्यूल विकसित किए गए हैं। इससे शासन-प्रशासन के कामकाज में पारदर्शिता आई है।

उत्तराखंड आवास एवं विकास परिषद को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निजी डेवलपर्स की साझेदारी से सस्ते आवास उपलब्ध कराने की पहल पर प्लेटिनम श्रेणी का सम्मान दिया गया। इस पहल के तहत अब तक 12,856 सस्ते आवासों का निर्माण किया जा चुका है। इसमें भूमि की व्यवस्था, भवन निर्माण, लाभार्थियों की पहचान और आवंटन जैसे कार्य निजी डेवलपर्स के सहयोग से पूरे किए गए। राज्य की डिजिटल पहल व आवास योजनाओं को आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए स्काच स्टेट्स-बेस्ट प्रैक्टिस श्रेणी में शामिल किया गया। आवास विभाग के प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि ईज-



स्काच अवार्ड लेते प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम व अन्य अधिकारी • विभाग

• ईज एप आनलाइन एप्लिकेशन व प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में निजी डेवलपर्स की साझेदारी के प्रयोग पर मिला पुरस्कार

एप से न केवल जनता को सुविधा मिली, बल्कि प्रशासनिक दक्षता भी कई गुना बढ़ी। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ने शहरी गरीबों के सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा जिला पंचायत राज अधिकारी टिहरी एमएम खान को सिल्वर अवार्ड से नवाजा गया। उन्हें यह पुरस्कार जखाड़ा गांव में ग्राम पंचायत की विकास योजना में महिलाओं व बच्चों की सहभागिता बढ़ाने को लेकर दिया गया। वहीं राज्य की एकमात्र नगर निकाय विकासनगर को वर्षा जल प्रबंधन के लिए सम्मान से नवाजा गया। नगर पालिका परिषद विकासनगर को रेन वाटर मैनेजमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अधिशासी अधिकारी बीपी भट्ट ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। सैनिक कल्याण विभाग को भी प्रयासों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। विभाग की ओर से निदेशक ब्रिगेडियर अमृत लाल (सेनि) ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।